संकल्प से सिद्धि कैम्प का नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने किया निरीक्षण, योजनाओं की ली जानकारी

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लगाये गये संकल्प से सिद्धि कैम्प का नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा कैप्प में उपस्थित डूडा कर्मचारियों से कैम्प के माध्यम से पथ विक्रेताओं को उपलब्ध कराई जाने वाले लाभों व पथ विक्रेताओं द्वारा डिजिटल लेन-देन की सुविधा के बारे में उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारियों के विशय में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी/प्रषासक उमेष प्रताप सिंह द्वारा सरकारी सेवा से जुडे. समस्त कर्मचारियों से अपील करते करते हुये कहा गया कि स्ट्रीट वेंडर्स से फल, सब्जी खरीदते समय धनराषि का अधिक से अधिक डिजिटल माध्यम से लेन-देन करें व उन्हें डिजिटल माध्यम से लेन-देन हेतु जागरुक करने के लिये प्रेरित किया जायें, जिससे षासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सब्सिडी का लाभ स्ट्रीट वेंडर्स को मिल सकें। इसके साथ ही नगर आयुक्त द्वारा निर्देषित किया गया कि जिन पथ विक्रेताओं को अभी तक क्यू0आर0 कोड उपलब्ध नही कराया गया है, उनको षीघ्र ही क्यू0आर0 कोड बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त कहा गया कि जिन पथ विक्रेताओं द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण के रुप में उपलब्ध कराये गये रुपये 10 हजार का समयान्तर्गत अदायगी करने पर द्वितीय चरण में रुपये 20 हजार हेतु आहरण कर सकते है और जिन पथ विक्रेताओं द्वारा बीस हजार की अदायगी समयान्तर्गत की जा चुकी हो, वो रुपये 50 हजार की धनराषि ऋण के रुप में बेंकों के माध्यम से ले सकते है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी/प्रषासक द्वारा संबन्धित बैकों को निर्देषित किया गया कि जिन बै ंकों के द्वारा पथ विक्रेताओं के स्वीकृत ऋण उपलब्ध नही कराये गये है, उनको तत्काल रुप से स्वीकृत ऋण उपलब्ध कराया जाये।